तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	भावना गहलोत **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353031683989088	
09 / 06 / 26	अपीलार्थी भावना गहलोत निवासी वार्ड नम्बर 92, जोधपुर पिन. नम्बर 342304 जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 09.04.2026 नगर निगम जोधपुर के पत्र क्रमांक एफ 17 / राजस्व / अवज्ञा / 2026 / 4090 / दिनांक 18.02.2026 (राज काज रेफरेन्स नम्बर 20573977) में अतिक्रमण प्रभारी श्री गणेश घारू को जो निर्देश दिए गए थे उन आदेशों की जो पालना रिपोर्ट दी गयी निर्देशित फोटोग्राफी और दस्तावेजों की प्रति उपलब्ध करवाने व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त 685 दिनांक 13.05.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत सूचना अधिकार आवेदन नगर निगम जोधपुर से संबंधित होने के कारण सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित कर अपीलार्थी को पृष्ठांकित कर सूचित कर दिया गया है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector and District Magistrate
Date: 2026.06.09 12:23:37 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22737989
M e-Sign